प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0, पी0एम0जी0एस0वाई0
# पिथौरागढ़

फोन / फैक्स नं0 05964–226685 ई–मेलः– eepmgsypithoragarh1@rediffmail.com

पत्रांक 127 / 03 पी0एम0जी0एस0वाई0 दि0 14–02–2020

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग,
पिथौरागढ़।

विषयः– **जनपद पिथौरागढ़ में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित बड़ावे–धारी–बेल्तड़ी मोटर मार्ग के किमी0 10.00 से क्वारबन तक मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु 3.867 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन किये जाने के सम्बन्ध में।(Online Proposal No.: FP/UK/ROAD/35678/2018)।**

सन्दर्भः– **आपका पंत्राक 8 बी./यू0सी0पी0/06/56/2019/एफ0सी0/2327 दिनांक 17.01.2020**

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि मुख्य ग्राम क्वारबन हेतु प्रस्तावित मोटर मार्ग के उल्लेखित सागर तोक से डिजिटल मैप के बिन्दु क्रमांक–09 अथवा 10 तक खडी चढाई है व सागर तोक से सीधे क्रमांक संख्या 09 अथवा 10 हेतु सीधा पैदल रास्ता नहीं है। सागर तोक से क्वारबन तक जाने में जो पैदल घुमावदार खडी चढाई वाला रास्ता है, उसकी लम्बाई लगभग 1.50 किमी0 है, सागर तोक के जहां पर सड़क का अन्तिम बिन्दु है, से तल्ला सागर तोक लगभग 100 मीटर नीचे की ओर है। सागर तोक लोगों को जो भी कार्य जैसे कि गैस लेकर जाना हो, अनाज लेकर जाना हो, 108 सेवा हो, बच्चों के स्कूल जाना हो या सागर तोक के बीमार वृद्ध जन, गर्भवती महिलाओं को डोली के माध्यम से क्वारबन तक घुमावदार मार्ग से लगभग 1.5 किमी0 की खड़ी चढ़ाई चढ़नी पडती हैं। वर्तमान समय में सागर तोक में 58 लोग निवास करते हैं ग्राम वासियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा सड़क का निर्माण सागर तोक तक कराने हेतु बार–बार आग्रह किया जा रहा है।

उक्त के क्रम सानुरोध अवगत कराना है कि डिजिटल मानचित्र के बिन्दु क्र0 14 से आगे उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग के अंतिम बिन्दु सागर, जोकि क्वारबन का ही एक तोक है, तक मो0मा0 की लम्बाई 1.825 किमी0 है। तोक सागर की भौगोलिक स्थिति इस प्रकार है कि यहां निवास कर रहे लोगों को किसी भी दिशा में जाना हो तो लगभग 1.5 किमी0 की घुमावदार खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। जिस कारण किसी दुर्घटना से चोट लगने, गर्भवती महिलाओं को चिकित्सालय ले जाने एवं चलने में असमर्थ बीमार व्यक्तियों को लाने–ले–जाने का एक मात्र साधन डोली ही है।

पी0एम0जी0एस0वाई0 के मानकों के अनुसार पर्वतीय क्षेत्र में 1.5 किमी0 परस्पर दूर स्थित बसावटों को जोड़कर क्लस्टर बनाते हुए बारहमासी सड़क से संयोजकता प्रदान करने का प्रावधान है। सागर तोक जो कि क्वारबन का ही हिस्सा है लगभग 1.5 किमी0 पैदल दूरी पर है। अतः मोटर मार्ग को अंतिम बिन्दु सागर तक निर्मित करना उचित एवं न्यायसंगत रहेगा। यदि मोटर मार्ग को सागर तोक तक नहीं निर्मित किया जाता है, तो क्वारबन को पूरी तरह से संयोजित नहीं माना जायेगा। मो0मा0 के प्रारंभिक बिन्दु से मो0मा0 के बिन्दु क्र0 14 तक 2.80 किमी0 की लम्बाई है, जिसमें 0.420 किमी0 लम्बाई में नापभूमि एवं 2.340 किमी0 लम्बाई में सिविल सोयम भूमि है एवं क्वारबन के बिन्दु क्र0 14 से सागर तोक तक मोटर मार्ग की लम्बाई 1.825 किमी0 है जिसमें 0.535 किमी0 लम्बाई में नापभूमि एवं 1.290 किमी0 लम्बाई में सिविल सोयम भूमि है। बिन्दु 14 के बाद सडक निर्माण में अन्तिम बिन्दु तक केवल 04 पेड़ ही समरेखण में आ रहे हैं। एवं सागर तोक तक मो0मा0 की मांग ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रबल रूप से की जा रही है।

यह भी सूचनीय है कि ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार के पत्र संख्या पी–17024/24/2017 (TMS-355978) दिनांक 25.04.2018 द्वारा लम्बाई 4.625 किमी0 हेतु लागत रू0 275.50 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त है।

महोदय तोक सागर निवासियों की वर्तमान व भविष्य की परेशानियों को देखते हुए सड़क का निर्माण सागर तोक तक करने की नितान्त आवश्यकता है। अतः आपसे अनुरोध है कि प्रस्तावित मो0मा0 को समरेखण के अनुसार अंतिम बिन्दु सागर तोक तक निर्मित करने की अनुमति प्रदान कराने की कृपा करें।

भवदीय,

14/2/2020

अधिशासी अभियन्ता,
सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0,
पिथौरागढ़

**प्रतिलिपिः–** अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण इन्दिरानगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड देहरादून को सानुरोध आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता,
सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0,
पिथौरागढ़